कोर सेक्टर आउटपुट

भारत के आठ कोर उद्योग ने मार्च 2022 में 4.9% की तुलना में अप्रैल में 8.4% की मज़बूत वृद्धि दर्ज की है।

- आठ कोर उद्योग में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भार का 40.27 प्रतिशत शामिल है।
- आठ कोर उद्योग अपने भारांक के घटते क्रम में हैं: रिफाइनरी उत्पाद> बिजली> स्टील> कोयला> कच्चा तेल> प्राकृतिक गैस> सीमेंट> उर्वरक।

आठ कोर उद्योग सूचकांक:

- **परिचय:**
  - आठ कोर उद्योग सूचकांक (ICI) उत्पादन मात्रा सूचकांक को संदर्भित करता है
  - यह चयनित **आठ कोर उद्योगों में उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन** का मूल्यांकन करता है।
  - **आठ कोर उद्योगों का वर्तमान भारांक (अप्रैल 2021) नीचे दिया गया है:**
    - पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन **(28.04%)**, बिजली **(19.85%)**, स्टील **(17.92%),** कोयला उत्पादन **(10.33%)**, कच्चा तेल **(8.98%)**, प्राकृतिक गैस उत्पादन **(6.88%),** सीमेंट उत्पादन **(5.37%)**, उर्वरक उत्पादन **(2.63%)**।
  - ICI को आर्थिक सलाहकार कार्यालय (OEA), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT), वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित एवं जारी किया जाता है।
- **महत्त्व:**
  - ICI राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, एनएसओ द्वारा आईआईपी जारी करने से पहले 'कोर' प्रकृति के उद्योगों के उत्पादन प्रदर्शन पर अग्रिम संकेत प्रदान करता है।
  - आठ प्रमुख उद्योगों से सामान्य आर्थिक गतिविधियों और औद्योगिक गतिविधियों के प्रभावित होने की संभावना है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक:

- 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' अर्थव्यवस्था के विभिन्न उद्योग समूहों में एक निश्चित समय अवधि में विकास दर को प्रदर्शित करता है।
- इसका संकलन तथा प्रकाशन मासिक आधार पर 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय', 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' द्वारा किया जाता है।
- IIP एक समग्र संकेतक है जो वर्गीकृत किये गए उद्योग समूहों की वृद्धि दर को मापता है जिनमें शामिल है:
  - व्यापक क्षेत्र (Broad sectors)- खनन, विनिर्माण और विद्युत।
  - उपयोग आधारित क्षेत्र (Use-based Sectors)- मूलभूत वस्तुएँ, पूंजीगत वस्तुएँ और मध्यवर्ती वस्तुएँ।
- IIP के आकलन के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का महत्त्व:

- इसका उपयोग नीति-निर्माण के लिये वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक सहित अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा किया जाता है।
- IIP, त्रैमासिक और अग्रिम सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनुमानों की गणना के लिये अत्यंत प्रासंगिक बना हुआ है।

विगत वर्षों के प्रश्न:

प्रश्न: 'आठ कोर उद्योग सूचकांक' में निम्नलिखित में से किसको सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है?

(a) कोयला उत्पादन
(b) विद्युत उत्पादन
(c) उर्वरक उत्पादन
(d) इस्पात उत्पादन

उत्तर: b

व्याख्या:

- वर्ष 2015 में 8 प्रमुख उद्योगों के सूचकांक में बिजली का भार सबसे अधिक था। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भार का 40.27 प्रतिशत शामिल है।
- आठ प्रमुख उद्योगों का वर्तमान भारांक (अप्रैल 2021) नीचे दिया गया है:
  - पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन (28.04%), बिजली (19.85%), स्टील (17.92%), कोयला उत्पादन (10.33%), कच्चा तेल (8.98%), प्राकृतिक गैस उत्पादन (6.88%), सीमेंट उत्पादन (5.37%), उर्वरक उत्पादन (2.63%)।
- **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक:**
  - 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' अर्थव्यवस्था के विभिन्न उद्योग समूहों में एक निश्चित समय अवधि में विकास दर को प्रदर्शित करता है।
  - इसका संकलन तथा प्रकाशन मासिक आधार पर 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय', 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' द्वारा किया जाता है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/core-sector-output-1